This is to inform general public that Mr. Jaswant Singh Walia was the owner of land area measuring 0.0380 hect. Out of Ghata No. 116 min., 0.3670 hect. Out of Ghata No. 186, 0.1640 hect. Out of Ghata No. 198 min, 0.164 hect, out of Ghata No. 199 min, 0.2530 hect, out of Ghata No. 200, 0.0890 hect. Out of Ghata No. 201 min, 0.1770 hect, out of Ghata No. 202 min, 0.1770 hect. Out of 209 min, 0.1390 hect. Out of Ghata No. 210 min, 0.0250 hect. Out of Ghata No. 211 min, 0.2150 hect. Out of Ghata No. 212, 0.0890 hect. Out of Ghata No. 213, 0.1260 hect. Out of Ghata No. 221 min, 0.1640 hect. Out of Ghata No. 229 min, 0.0260 hect. Out of Ghata No. 242 min, 0.4430 hect. Out of Ghata No. 264 min, 0.2910 hect. Out of Ghata No. 281, 0.2660 hect. Out of Ghata No. 283, 0.3160 hect. Out of Ghata No. 302, 0.5300 hect. Out of Ghata No. 306, 0.2660 hect. Out of Ghata No. 307, 0.3670 hect. Out of Ghata No. 308 min, 0.1640 hect. Out of Ghata No. 310, 0.6320 hect. Out of Ghata No. 311, situated at village Badarpur, pargana Loni, Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P. by way of Jamabandi records and after his death his son Mr. Gurdeep Singh Walia become the owner of said property and Mr. Gurdeep Singh Walia s/o. Mr. Jaswant Singh Walia is the owner of land area measuring 0.1010 hect out of Ghata no.152, 0.2150 hect out of Ghata no. 239min, 0.2660 hect out of Ghata no. 254, 0.1770 hect out of Ghata no. 281min, 0.4430 hect out of Ghata no. 293, 0.2660 hect out of Ghata no. 312, 0.1640 hect out of Ghata no. 313, situated at village Badarpur, pargana Loni, Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P. by way of Jamabandi records.
Notice is hereby given to the general public that Mr. Gurdeep Singh Walia s/o. Mr. Jaswant Singh Walia (Aadhar No. 5191 2339 7193), the aforesaid owner of the property/land, has never executed any General Power of Attorney (GPA), Special Power of Attorney (SPA), Agreement to Sell, Sale Deed, Will, or any other Power of Attorney, authority, or document in favour of any person in respect of the aforesaid property/land. It is further clarified that Mr. Gurdeep Singh Walia s/o. Mr. Jaswant Singh Walia have never availed any bank loan against or created any mortgage, charge, lien, or other encumbrance over the aforesaid property/land.
Accordingly, any person dealing with or entering into any transaction in respect of the aforesaid property/land on the basis of any alleged or purported Special Power of Attorney, General Power of Attorney, Power of Attorney, Sale Deed, Agreement to Sell, or any other document purportedly executed by Mr. Gurdeep Singh Walia in favour of any person, shall do so entirely at his/her own risk, cost and consequences during the lifetime of Mr. Gurdeep Singh Walia and his legal heir Mr. Manik Walia.
It is expressly clarified that my client, Mr. Gurdeep Singh Walia, shall not be liable or responsible in any manner whatsoever for any such transaction, representation, commitment, document, dealing, claim, liability, or consequence arising out of or based upon any such alleged or purported document. Then document will be considered as null & void.
Any person having any objection, claim, right, title, interest or concern in respect of the aforesaid property/land or any alleged transaction or document concerning the same is hereby called upon to raise the same, along with supporting documents, within 30 (thirty) days from the date of publication of this notice before the undersigned at the address mentioned below: Mr. Ajit Sharma, Advocate, partner of AccuLaw Source LLP, Office No. 361, 2nd Floor, Sec-1, Vaishali, Ghaziabad, U.P. – 201010, Contact: +91 9560309909 (M) Failing receipt of any objection or claim within the aforesaid period, any person subsequently dealing with the aforesaid property/land on the basis of any such alleged or purported document shall do so entirely at his/her own risk, cost and consequences, and my client shall not be responsible or liable for the same.

Although every possible care and caution has been taken to avoid errors or omissions, this publication is being sold on the condition and understanding that information given in this publication is merely for reference and must not be taken as having authority of or binding in any way on the writers, editors, publishers, and printers and sellers who do not owe any responsibility for any damage or loss to any person, a purchaser of this publication or not for the result of any action taken on the basis of this work. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of competent court and forums in Delhi/New Delhi only. Readers are advised and requested to verify and seek appropriate advice to satisfy themselves about the veracity of any kind of advertisement before responding to any contents published in this newspaper. The printer, publisher, editor and any employee of the Pioneer Group's will not be held responsible for any kind of claim made by the advertisers of the products & services and shall not be made responsible for any kind of loss, consequences and further product-related damages on such advertisements.

Printed and published by Kushan Mitra for and on behalf of CMYK Printech Ltd., Regd Office:- 201-205, 208-210, 2nd Floor, Pratap Bhawan 5, B.S.Z. Marg, New Delhi-110002 Phone: 011-46035729, and printed at The Indian Express Ltd., A-8, Sector 7, Dist. Gautam Budh Nagar (U.P.) Noida-201 301, Ph: 01202470700. Managing Editor Vijay Prakash Singh, Executive Editor Deepak Kumar Jha. AIR SURCHARGE of ₹ 2.00 East: Calcutta, North: Leh West: Mumbai & Ahmedabad South: Bangalore & Chennai. Central : Khajuraho. Lucknow Office: 4th Floor, Sahara Shopping Centre, Faizabad Road, Lucknow-226 016. Phone:- 9415089265

सार संक्षेप

छात्रा के साथ छेड़छाड़ व मारपीट

मोदीनगर। मोदीनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने किशोरी को जबरन ईख के खेत में खीचने का भी प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी व्यक्ति की 13 वर्षीय पुत्री कक्षा आठ की छात्रा है। दो दिन पहले छात्रा अपने ताऊ के घर से वापस आ रही थी। आरोप है कि जब वह बीच रास्ते में पहुंची तो पड़ोसी ने किशोरी को रोक लिया और अश्लील करने लगा। इसके बाद किशोरी को जबरन ईख के खेत में खीचने का प्रयास किया। जब इसका विरोध किया तो पीड़िता के साथ मारपीट की गई। शोर मचाने पर आसपास केलोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद छात्रा घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके परिजन आरोपी के घर पहुंचे और शिकायत की। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने उनके साथ मारपीट व अभद्रता की। पीड़िता के पिता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।

गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गाजियाबाद। ऑपरेशन प्रहार के तहत नंदग्राम और मसूरी थाना पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि नंदग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनीष उर्फ टेढ़ा के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 21 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं, मसूरी थाना पुलिस ने भी गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीपी मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहआलम और आदिल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो किलो 372 ग्राम गांजा बरामद किया है।

जेसीबी की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

यमुना सिटी। जेवर में 12 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे एक कार सवार की गाड़ी में सामने से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी ने टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ जिले के टप्पल थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर की रात वह अपनी कार से खुर्जा से जेवर की ओर जा रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही जेसीबी ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी कार को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

झांकियों व बैंड के साथ निकाली शोभायात्रा

जहांगीरपुर। कस्बे में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली गई। झांकियां, डीजे और बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में निवासियों ने भाग लिया। इसकी शुरूआत सुरेंद्र बजाज, लीलाधर अग्रवाल और केशव जैन ने किया। यात्रा खुर्जा-जेवर रोड, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, कुम्हारान, स्वामीपाड़ा और जाटवान समेत कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस एसएल फार्म हाउस पहुंचकर संपन्न हुई। लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान अमित गोयल, दीपक अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, अमित एडवोकेट, शालू अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अंशुल मंगला, कुलदीप और प्रवीण अग्रवाल समेत लोग मौजूद रहे।

मामूली विवाद में दुकानदार दंपति को पीटा

नोएडा। सेक्टर-24 थानाक्षेत्र में तीन लोगों ने मामूली विवाद में एक दुकानदार को पीटा दिया। पीड़ित की पत्नी ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। मोरना गांव निवासी अजय भाटी ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार रात अपनी दुकान बढ़ा रहे थे, तभी नवीन बैसोया और वारिस अपने एक साथी के साथ पहुंचे। तीनों ने अजय से सामान मांगा। अजय ने कल आने के लिए कहा। इस पर तीनों आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने अजय को पीटा दिया। शोर सुनकर अजय की पत्नी पहुंची और आरोपियों को मारपीट करने से रोका। इसके बाद तीनों ने अजय की पत्नी के साथ भी मारपीट की। दंपति के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। तीनों ने शिकायतकर्ता को जाते-जाते धमकी दी कि अगर मामले की शिकायत पुलिस से की तो उसे और उसकी पत्नी को जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद से शिकायतकर्ता का परिवार डर से सहमा है और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने नवीन और वारिस को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

रुपये मांगने पर दुकानदार से मारपीट

ग्रेटर नोएडा। ऐच्छर में एक दुकानदार और स्कॉर्पियो सवार युवकों के बीच चिकन के रुपये मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट की। दुकान बंद होने पर आरोपी दोबारा पहुंचे और तोड़फोड़ की। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऐच्छर में एक दुकान पर स्कॉर्पियो सवार कुछ युवक सोमवार की रात चिकन खाने के लिए पहुंचे। दुकानदार ने युवकों को चिकन दिया और वह दुकान के बाहर अपनी गाड़ी में बैठकर चिकन खाने लगे। दुकान बंद करने का समय हो रहा था, इसलिए दुकानदार ने रुपये की मांग की। इसी बात को लेकर दुकानदार उबेद और युवकों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि नशे में धुत युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी गाड़ी लेकर मौके से भाग गए। कुछ देर बाद दुकान बंद होने पर आरोपी फिर से वहां पहुंचे और तोड़फोड़ की। दुकान में तोड़फोड़ की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि कार के नंबर से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

गांजे की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने गुरुवार रात गश्त के दौरान गांजा बेचने के आरोप में युवक दीपक उर्फ दीप को गिरफ्तार किया। उसके पास से 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी मूलरूप से बिहार के नालंदा का रहने वाला है और नोएडा में झुग्गी-झोपड़ी में रहता है। फेज-1 थाना पुलिस ने सेक्टर-10 पार्क के पास से 19 वर्षीय युवक राज को 760 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी महोबा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

चाकू लेकर घूम रहा संदिग्ध पकड़ा

नोएडा। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने एनआईबी चौकी क्षेत्र में एक संदिग्ध को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फरुर्खाबाद निवासी 19 वर्षीय अर्पित सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी देखकर वह भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की जेब से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी चाकू रखने का लाइसेंस नहीं दिखा सका। उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

बाइक सवारों ने युवक से मोबाइल छीना

नोएडा। सेक्टर-67 में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल फोन छीन लिया और भाग गए। घटना 15 अक्टूबर की सुबह करीब सवा सात बजे की है। पीड़ित ऋषभ सिंह ने फेज-3 थाने में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई। वह सेक्टर-67 में एक कंपनी के पास मौजूद थे। इसी दौरान टीवीएस अपाचे बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। घटना अचानक होने के कारण वह बाइक का नंबर नहीं देख सके और बदमाशों की पहचान भी नहीं कर पाए। पीड़ित के मोबाइल में दो आईएमईआई नंबर हैं। उसने पुलिस से आईएमईआई नंबरों की मदद से मोबाइल बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रास्ता पूछने के बहाने नशीला पदार्थ सुंघाकर गहने ले भागे

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

सेक्टर पी-3 स्थित बाजार से सब्जी खरीद कर घर लौट रहे एक युवक को बाइक सवार बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद एकांत में ले जाकर गले से सोने की चेन और हाथ से दो अंगूठी निकालकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक सेक्टर ओमेगा वन स्थित एक सोसाइटी में अजय कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह दो अक्तूबर की शाम सेक्टर पी-3 स्थित बाजार से सब्जी लेने गए थे। सब्जी खरीद कर वह पैदल वापस घर की तरफ लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। रास्ता पूछने के बहाने कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद उन्हें हल्का नशा होने पर सुनसान जगह पर अंधेरे में ले गए। बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन और हाथ से दो अंगूठी निकाल ली। वारदात को अंजाम देकर वह आसानी से फरार हो गए। पीड़ित को कुछ देर बाद होश आया तो उन्हें घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

क्लब से फोन चोरी

नोएडा। सेक्टर-75 स्थित एक क्लब से युवक का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने सेक्टर-49 थाने में शिकायत दी है। घटना आठ अक्टूबर रात सवा आठ बजे के आसपास की है। युवक क्लब के पिछले गेट से अंदर जा रहा था, तभी उसका मोबाइल चोरी हो गया। पीड़ित अविनाश कश्यप ने बताया कि मोबाइल तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चला। भाई ने फोन किया तो पहले लाइन व्यस्त आई और बाद में मोबाइल बंद हो गया। इसके बाद उन्होंने रात करीब 10 बजे सिम कार्ड बंद करा दिया।

छह लोगों के खातों से साढ़े 14 लाख निकाले

गाजियाबाद। साइबर अपराधियों ने छह लोगों से 14.41 लाख रुपये ठग लिए। किसी के मोबाइल में सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद बैंक खातों से रकम निकल गई तो किसी के क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति कई ट्रांजेक्शन कर दिए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोविंदपुरम के शताब्दीपुरम निवासी निशांत अत्री ने शिकायत दी कि 26 सितंबर को उनके मोबाइल पर अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट का संदेश आया और फोन ने काम करना बंद कर दिया। करीब एक घंटे बाद फोन सामान्य हुआ। 28 सितंबर को खाते से रुपये कटने का संदेश मिला। उनके साथ 3.74 लाख रुपये की ठगी हुई।

दूसरे मामले में गोविंदपुरम निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 15 अक्तूबर को उनका फोन गुम हो गया था। इसके बाद उनके खाते से छह बार में 68,993 रुपये निकाल लिए गए। तीसरे मामले में क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के बहरामपुर निवासी प्रभाकर ने बताया कि छह अगस्त को क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति 1.49 लाख निकाल लिए गए।

अदालत ने बचाव की दलीलें खारिज कर सुनाया फैसला

चेक बाउंस मामले में दो साल की कैद, 15 लाख का जुर्माना

- 9.20 लाख रुपये के उधार के बदले दिए पांच चेक हुए थे बाउंस, 14.75 लाख रुपये शिकायतकर्ता को मिलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

चेक बाउंस के एक मामले में विशेष न्यायालय ने नयाबांस सेक्टर-15 निवासी मनोज कुमार कश्यप को दोषी ठहराया है। अदालत ने उसे दो वर्ष के साधारण कारावास और 15 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस अर्थदंड में से 14.75 लाख रुपये शिकायतकर्ता को दिए जाएंगे। शेष 25 हजार रुपये राज्य सरकार के खाते में जमा होंगे।

यह परिवाद बरौला सेक्टर-49 निवासी राजपाल ने दायर किया था। राजपाल ने बताया कि आरोपी मनोज ने 9 नवंबर 2016 को इलेक्ट्रिक जनरेटर के कारोबार के लिए 9.20 लाख रुपये उधार मांगे थे। गवाहों की मौजूदगी में लिखित अनुबंध हुआ और मनोज ने अपने खाते के पांच चेक दिए। तय हुआ था कि 30 मार्च 2017 तक भुगतान न होने पर चेक बैंक में लगाए जा सकेंगे। मनोज के आग्रह पर चेक 29, 30 और 31 मई 2017 को बैंक में लगाए गए। सभी चेक पेमेंट स्टॉप्ड बाई ड्रॉअर टिप्पणी के साथ लौट आए। मनोज ने रकम उधार लेने से इन्कार करते हुए चेक चोरी होने और नोटबंदी का दावा किया। अदालत ने बचाव की दलीलें खारिज कर दीं।

महापौर का फोन हैक होने की सूचना, बोलीं- मेरे नाम पर पैसे न भेजें

गाजियाबाद। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल के मोबाइल फोन के हैक होने की सूचना सामने आई है। महापौर ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट के माध्यम से इसकी जानकारी साझा करते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। सुनीता दयाल ने अपनी पोस्ट में बताया कि उनका फोन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हैक कर लिया गया है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि यदि उनके नाम से कोई संदिग्ध मैसेज, गलत सूचना या पैसों से संबंधित अनुरोध प्राप्त होता है, तो उस पर भरोसा न करें। महापौर ने अपनी पोस्ट में लिखा, सभी को सूचित किया जाता है कि मेरा फोन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हैक कर लिया गया है। यदि आपको मेरी ओर से कोई भी संदिग्ध मैसेज, गलत सूचना या पैसों से संबंधित कोई अनुरोध प्राप्त होता है, तो कृपया उस पर विश्वास न करें और न ही कोई प्रतिक्रिया दें। उन्होंने लोगों से विशेष रूप से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और उनके नाम पर पैसे मांगे जाने पर कोई रकम न भेजें।

एमएलसी चुनाव में बीजेपी की जीत तय : नंदकिशोर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बीजेपी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बीजेपी का कोई मुकाबला नहीं है और पार्टी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि बीजेपी के सामने विपक्ष की ओर से कोई टक्कर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम है। बीजेपी सरकार ने विकास के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए हैं, जिसका लाभ पार्टी को चुनाव में मिलेगा। विधायक ने कहा कि बीजेपी एक कैडर आधारित पार्टी है और उसका अपना मजबूत संगठनात्मक तंत्र है।

उन्होंने दावा किया कि जनता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति गहरा विश्वास और समर्थन रखती है। उन्होंने युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि असली जेन-जी ने भी एक रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। नंदकिशोर गुर्जर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल और देश में अशांति फैलाने की कोशिश करने वाले तत्वों को यह चुनाव मुंहतोड़ जवाब देगा। विधायक के इस बयान के साथ ही एमएलसी चुनाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। बीजेपी जहां अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है, वहीं चुनाव के नतीजे मतगणना के बाद ही स्पष्ट होंगे।

निर्माणाधीन सोसाइटी की 12वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-115 स्थित निमार्णाधीन आईवरी काउंटी सोसाइटी में 12वीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार पर शव गायब करने का प्रयास करने का आरोप लगा हंगामा किया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक समझाने के बाद परिजन शव लेकर गृह जनपद रवाना हो गए।

पुलिस के अनुसार डायल-112 के माध्यम से सेक्टर-113 थाने को हादसे की सूचना मिली। बताया गया कि सोरखा के पास स्थित निमार्णाधीन सोसाइटी में काम करने के दौरान श्रमिक जावेद टावर से गिर गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जावेद सोसाइटी में फोरमैन और लेबर इंचार्ज के रूप में काम करता था। वहीं, मृतक के साथ काम करने वाले लोगों का दावा है कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे सेफ्टी टीम सोसाइटी में पहुंची तो जावेद वहां पड़े मिले। उनकी सांसें नहीं चल रही थीं। टीम के सदस्य उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि जावेद 12वीं मंजिल से नीचे गिरे थे। हालांकि, वह किस परिस्थिति में गिरे, इसकी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। जावेद की मौत की जानकारी मिलने पर उनके परिजन और रिश्तेदार सोसाइटी पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार पर शव को गायब करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। करीब एक घंटे बाद परिजन शांत हुए और शव लेकर पश्चिम बंगाल स्थित अपने गृह जनपद के लिए रवाना हो गए।

वहीं, जावेद का अंतिम संस्कार किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से ठेकेदार या किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत नहीं दी। शिकायत मिलने पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। इस संबंध में बिल्डर प्रबंधन से भी संपर्क किया जाएगा।

ब्याज माफी योजना शुरू, राज्य कर विभाग में हेल्प डेस्क स्थापित की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राज्य कर विभाग में ब्याज माफी योजना शुरू हो गई है, जिसमें बकायेदारों को ब्याज में छूट दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों की मदद के लिए शुक्रवार को हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। ऐसे व्यापारी जिन पर दस लाख तक का बकाया है, उन्हें बकाया कर जमा करने पर ब्याज में शत-प्रतिशत और दस लाख से एक करोड़ तक के बकायेदारों को ब्याज में 90 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

राज्य कर विभाग जोन प्रथम के अपर आयुक्त अजय कुमार गौतम ने शुक्रवार को विभाग परिसर में बनाई हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। अपर आयुक्त ने कहा कि ब्याज माफी योजना-2026 के अंतर्गत व्यापारियों की मदद के लिए हेल्प डेस्क शुरू की गई है, जिसमें अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि योजना का प्रचार प्रसार किया जाए। ताकि अधिक से अधिक बकायेदार व्यापारी योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना में दस लाख तक की मूल बकाया धनराशि पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अर्थात दस लाख तक की मूल बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज जमा नहीं करना पड़ेगा।

वहीं, दस लाख से एक करोड़ तक की मूल बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज में 90 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अर्थात मूल बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज में 90 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अलावा एक करोड़ से पांच करोड़ तक की मूल बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज में 75 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। पांच करोड़ से अधिक की मूल बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अपर आयुक्तन ने बताया कि विभाग को उम्मीद है कि बकायेदार व्यापारी इसका लाभ उठाएंगे और अपना बकाया जमा कराएंगे।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सूचना सीधे ब्यूरो को भेजी जाएगी

गाजियाबाद। केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) की उप निदेशक ने दूसरे दिन सीएचसी और यूपीएचसी का निरीक्षण किया और दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद सीएमओ से स्वास्थ्य केंद्रों की हालत को लेकर चर्चा की। उन्होंने सीएमओ से सभी यूपीएचसी को ब्यूरो को सूचना भेजने के लिए निर्देशित करने को कहा।

केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) की उप निदेशक दीक्षा सचदेवा के नेतृत्व में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी शोभ कुमार मौर्य व विभागीय अधिकारियों के साथ मुरादनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और राजनगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड के साथ संक्रामक एवं गैर-संक्रामक रोगों के आंकड़ों की प्रविष्टि संबंधी जानकारी ली गई।

स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगों से संबंधित डेटा निर्धारित प्रारूप में दर्ज किया जाने के निर्देश दिए और सभी सूचनाएं ब्यूरो को भेजने को कहा। अभी तक यूपीएचसी से डेटा सीबीएचआई को नहीं बेझा जाता था।

परीक्षा देने आई बेटी के सामने पिता पर हमला, सिर फटा

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

- दुकान में इस्तेमाल होने वाली लोहे की बड़ी चाबी से हमला कर दिया
- हमला होते देख बेटी बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थानाक्षेत्र में बेटी को परीक्षा दिलाने आए अमरोहा निवासी व्यक्ति पर एक कार सवार ने लोहे की चाबी से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। पीड़ित के मुताबिक उसे बचाने पहुंची बेटी के साथ भी आरोपी ने मारपीट और छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं, आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर दोनों को हत्या की धमकी भी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

अमरोहा जिले के गजरौला निवासी व्यक्ति ने कविनगर थाने में शिकायत देकर बताया कि वह 21 अक्तूबर को अपनी बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए कविनगर थानाक्षेत्र में हापुड़ चुंगी स्थित इंग्राहम कॉलेज आए थे। वह अपनी कार में कॉलेज के गेट पर बैठे हुए थे। इसी दौरान पीछे से कार लेकर पहुंचे एक व्यक्ति ने उनसे गाड़ी आगे बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने अपनी कार थोड़ी आगे कर ली। आरोप है कि इसके बाद भी वह व्यक्ति अपनी कार से उतरा और उनसे विवाद करने लगा। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने उन्हें कार से बाहर निकलने के लिए कहा। बाहर आने पर उसने दुकान में इस्तेमाल होने वाली लोहे की बड़ी चाबी से उन पर हमला कर दिया। लगातार कई वार से उनका सिर फट गया और काफी खून बहने लगा।

पीड़ित के मुताबिक उन पर हमला होते देख बेटी बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकत भी की। घटना में उनकी बेटी भी घायल हो गई।

यमुना सिटी में एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों का धरना समाप्त, सेवाएं बहाल

यमुना सिटी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के स्वास्थ्यकर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया है। इससे स्वास्थ्य केंद्रों पर कामकाज दोबारा पटरी पर लौटने लगा है। अपनी मांगों को लेकर एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी कई दिनों से धरने पर बैठे थे। इस कारण मरीजों की जांच और रिकॉर्ड संबंधी महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे थे।

मरीजों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं, जिससे उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता था। कुछ मरीजों को बार-बार स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। अब धरना समाप्त होने के बाद जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित होने लगी हैं। जांच सुविधाएं और रिकॉर्ड संबंधी कार्य भी दोबारा शुरू कर दिए गए हैं। इससे कई दिनों से परेशान मरीजों को बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचने वाले मरीजों को अब सभी उपलब्ध सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

पंचायतों में दीवाली से पहले चमकेंगे गांव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले की ग्राम पंचायतों में दीवाली पर्व को लेकर साफ-सफाई और सुंदरीकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। सोमवार से शुरू होने वाले इस अभियान को लेकर बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की गई और सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि दीवाली त्योहार के मद्देनजर गांवों में सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पंचायतों में नालियों की सफाई, कूड़ा-कचरा निस्तारण, जलभराव वाले स्थानों की सफाई और शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही गांव के मुख्य मार्गों, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और सार्वजनिक शौचालयों की रंगाई-पुताई और सुंदरीकरण का कार्य भी किया जाएगा। बैठक में ग्राम प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने गांव में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाकर सुबह-शाम सफाई सुनिश्चित करें। तालाबों, और मंदिर परिसरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक गांव में सफाई की फोटो और रिपोर्ट रोजाना ब्लॉक कार्यालय में भेजनी होगी।

KSOLVES
AI First, Always

केसोल्व्स इंडिया लिमिटेड
(सीआईएन: L72900DL2014PLC269020)
पंजीकृत कार्यालय: 317/276, दूसरी मंजिल, लेन नंबर 3, महरौली रोड, सैदुलजाब, साकेत, नई दिल्ली दक्षिण दिल्ली -110030 भारत
दूरभाष संख्या: 0120-4983851, ई-मेल: cs@ksolves.com, वेबसाइट: www.ksolves.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण (राशि लाख रूपये में)

विवरण	तिमाही समाप्त 30/09/2026	तिमाही समाप्त 30/06/2026	तिमाही समाप्त 30/09/2025	वर्ष के आंकड़े वर्ष समाप्त 30/09/2026	वर्ष के आंकड़े वर्ष समाप्त 30/09/2025	समाप्त हुए पिछले वर्ष के आंकड़े 31/03/2026
	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
संचालन से रेवेन्यू	3779.80	4144.10	3967.05	7923.90	7733.56	16266.80
कर से पहले लाभ	907.96	1216.64	1126.46	2124.60	2027.60	4511.74
कर के बाद लाभ	724.52	920.66	840.81	1645.19	1483.34	3433.08
अवधि हेतु कुल व्यापक आय	744.64	907.92	844.51	1652.56	1484.01	3466.32
प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य: रु. 5 प्रति शेयर)	1186.02	1186.02	1185.60	1186.02	1185.60	1186.02
कुल आरक्षित निधि (गैर-नियंत्रि हितों सहित)	2882.06	3041.61	2319.58	2882.06	2319.58	2089.07
प्रति इक्विटी शेयर आय बुनियादी और डायल्यूटिड	3.05	3.88	3.55	6.94	6.26	14.48

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का विवरण (राशि लाख रूपये में)

विवरण	तिमाही समाप्त 30/09/2026	तिमाही समाप्त 30/06/2026	तिमाही समाप्त 30/09/2025	वर्ष के आंकड़े वर्ष समाप्त 30/09/2026	वर्ष के आंकड़े वर्ष समाप्त 30/09/2025	समाप्त हुए पिछले वर्ष के आंकड़े 31/03/2026
	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
संचालन से रेवेन्यू	3592.98	4012.91	3944.93	7605.89	7711.31	16069.39
कर से पहले लाभ	775.34	1139.21	1120.92	1914.54	2041.76	4387.04
कर के बाद लाभ	591.90	848.94	836.11	1440.84	1498.36	3308.39
अवधि हेतु कुल व्यापक आय	612.02	836.19	839.82	1448.21	1499.04	3341.62

1. तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज (www.bseindia.com) और www.nseindia.com की वेबसाइट और कंपनी की वेबसाइट www.ksolves.com पर भी उपलब्ध है।

दिनांक: 23.10.2026
स्थान: दिल्ली

बोर्ड के आदेश से
केसोल्व्स इंडिया लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
रतन कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक